आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.06.2025 समय : 1905

- आयुष मंत्री प्रताव राव जाधव ने कहा –योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज विश्व रक्तदान दिवस पर कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।
- राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–NEET यूजी के परिणाम आज घोषित।
- द्वीपसमूह में तेज हवा के साथ भारी वर्षा की चेतावनी।

<><><><><><><>

आयुष मंत्री प्रताव राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। वे आज नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, योग गुरु रामदेव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री जाधव ने कहा कि वर्तमान समय में मानवता पूरे विश्व में कई चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसी स्थिति में योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार तथा विरासत है। आयुष मंत्री ने कहा कि योग धर्म, लिंग और भाषा की सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि योग बच्चों से लेकर वृद्धजनों और गरीब से लेकर अमीर तक सभी के लिए सुलभ है। श्री जाधव ने एक सरकारी सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि पिछले एक दशक में 33 प्रतिशत व्यक्तियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया है। योग कनेक्ट एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है, जिसने दुनिया भर के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और मशहूर हस्तियों को एक मंच पर एकत्र किया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य योग और स्वास्थ्य के उभरते परिदृश्य के बारे में संवाद, सहयोग तथा विचारों के आदान–प्रदान के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करना है।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज विश्व रक्तदान दिवस के साथ–साथ उच्च रक्तचाप दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ मीना नासिर, ने रक्तदान दिवस के बारे में जानकारी देते हुए इसकी आवश्यकता पर बल दिया।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. जूलियट जेम्स और स्वास्थ्य शिक्षक अरविंदो विश्वास ने भी इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में पचास से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जी बी पंत अस्पताल के रक्त केन्द्र ने अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से विश्व रक्तदान दिवस मनाया। इस अवसर पर नियमित रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया और रक्तदान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात कर द्वीपसमूह के कई ज्वलंत मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। चर्चा के दौरान, सांसद ने पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिका परिषद में अपर्याप्त वित्त पोषण और वित्तीय कटौती का मुद्दा उठाया। अपर्याप्त वित्तीय सहायता के कारण, सड़क निर्माण और मरम्मत, पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने और नागरिक सुविधाओं में सुधार जैसी कई विकास परियोजनाएं रुकी हुई हैं। गृह मंत्री ने इस मामले पर विस्तृत चर्चा के लिए पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने पर भी सहमति व्यक्त की। सांसद ने द्वीपसमूह में चल रहे स्वास्थ्य सेवा पर भी प्रकाश डाला और चिकित्सा बुनियादी ढांचे और सेवाओं में तत्काल सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। गृह मंत्री ने इस मामले पर गंभीरता से विचार करने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–NEET यूजी 2025 ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परिणाम आज घोषित कर दिए हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा परिणाम जारी किये गए हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट – ntaneet.nic.in पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और मेरिट सूची देख सकते हैं। नीट 4 मई को देश भर के पांच सौ बावन शहरों और भारत के बाहर 14 शहरों में स्थित पांच हजार चार सौ से अधिक विभिन्न केंद्रों पर 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। राजस्थान के महेश कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया दूसरे और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए केरल के कन्नूर विश्वविद्यालय, में चार वर्षीय यूजी डिग्री कार्यक्रमों, स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों और पांच वर्षीय एकीकृत मास्टर डिग्री कार्यक्रमों, यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रत्येक में एक–एक सीट आरक्षित की गई है। इसके अलावा सभी संबद्ध कॉलेजों में एक अतिरिक्त सीट आरक्षित की जाएगी। कन्नूर विश्वविद्यालय के तहत संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करने और पाठ्यक्रमों के विवरण डाउनलोड करने को कहा गया है। पात्र अभ्यार्थी सहायक दस्तावेजों और विश्वविद्यालय केंद्रीकृत प्रवेश प्रोफेस –सीएपी में पंजीकरण के प्रमाण के साथ आवेदन पत्र सचिवालय के विकास–चार अनुभाग में 19 जून, शाम 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा है कि डिजिटल युग में अनुकूल कानूनी और डिजिटल तंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने राइट टू रिपेयर पोर्टल, ई–जागृति और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को मजबूत करने जैसी पहलों के महत्व को रेखांकित किया। यह मुकदमेबाजी से पहले उपभोक्ता शिकायतों के निवारण का त्वरित, परेशानी मुक्त और सस्ता तरीका है। उन्होंने डार्क पैटर्न, फर्जी समीक्षा और भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए सीसीपीए के नियामक कदमों की आवश्यकता को रेखांकित किया।

<><><><><><><>

ग्रेट निकोबार द्वीप में ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन नियम, 2018 में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार के तहत प्रारंभिक अधिसूचना को उप–राज्यपाल द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस सिलसिले में समाज कल्याण निदेशालय ने कैम्पबेल बे सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर सामाजिक प्रभाव आंकलन शुरू करने के संबंध में अधिसूचना जारी करने और इसे स्थानीय भाषा में पंचायत, और नगरपालिका को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। इसके अलावा जिला उपायुक्त, उप–विभागीय मजिस्ट्रेट और तहसील कार्यालयों में प्रकाशित भी करने को कहा है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों मे भारी से बहुत भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में बानब्बे दशमलव चार मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में पैंसठ, लांग आइलैंड में अट्ठावन दशमलव तीन, कार निकोबार में सोलह, हटबे मे चौदह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में छः दशमलव चार और ननकौड़ी में पांच दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल द्वीपों के एकाध स्थानों पर तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटा रहने का अनुमान है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। तेज हवा को देखते हुए मछुआरों को अट्ठारह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन ने श्री विजयपुरम में 16 और 17 जून को ओपन इनविटेशन स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार चैम्पियनशिप में प्रवेश के लिए कल तक राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में अपनी प्रविष्टियाँ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>